

# धुलेंडी पर पुलिस की रहेगी सख्त निगरानी, हुड़दंगियों पर कड़ी नजर




- रंगों के त्योहार पर कानून व्यवस्था चाक-चौबंद
- ड्रिंक एंड ड्राइव पर होगी सख्त कार्रवाई
- संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात

नव भारत न्यूज

इंदौर. बुधवार को धुलेंडी पर्व के मद्देनजरशहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं. जहां प्रमुख चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है, वहीं वाहन चालकों की ब्लेथइनहेलाइजर से जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

धुलेंडी पर हुड़दंग, जबरन रंग डालने, डीजे के साथ जुलूस निकालने और यातायात बाधित करने जैसी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी. शहर के मुख्य मार्गों पर स्थायी चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं, वहीं गली-मोहल्लों में भी मोबाइल पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है. संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी. इस दौरान एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने स्पष्ट किया कि धुलेंडी के दौरान किसी भी तरह की अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने साफ कहा कि पुलिस प्रमुख मार्गों के साथ-साथ कॉलोनियों और अंदरूनी बस्तियों में भी लगातार गश्त करेगी. वाहन चालकों की ब्लेथइनहेलाइजर से जांच की जाएगी और जो भी चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

एडीसीपी दंडोतिया ने आमजन से अपील की है कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं, जबरन रंग लगाने या विवाद की स्थिति से बचें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दें. वहीं पुलिस कंट्रोल रूम और डायल सेवा को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जा सके. त्योहार के दौरान अस्पतालों और आपात सेवाओं के लिए मार्ग बाधित न हो, इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा. पुलिस का साफ संदेश हैं कि धुलेंडी उल्लास का पर्व है, लेकिन कानून से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

# एशियन वाटरबर्ड सेंसेस-2026 : इंदौर बना शहरी निगरानी का उदाहरण

- 45 जिलों की 360 आर्द्रभूमियों का वैज्ञानिक सर्वे



नव भारत न्यूज

इंदौर. एशियन वाटरबर्ड सेंसेस (एडब्ल्यूसी)-2026 ने मध्य प्रदेश में आर्द्रभूमियों की स्थिति की अब तक की सबसे व्यापक वैज्ञानिक तस्वीर सामने रखी है. 3 से 8 जनवरी 2026 के बीच आयोजित इस सर्वेक्षण में प्रदेश के 45 जिलों की 360 वेटलैंड्स को शामिल किया गया. 412 प्रमाणित चेकलिस्ट के आधार पर 308 पक्षी प्रजातियों और 96,495 पक्षियों की गणना दर्ज की गई. इन आंकड़ों का खुलासा मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा जारी प्रारंभिक रिपोर्ट में किया गया.

इस बार सर्वेक्षण पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म के बर्ड के माध्यम से दर्ज किया. जिससे डेटा संकलन और सत्यापन अधिक पारदर्शी और सटीक हुआ. नागरिक सहभागिता और प्रशासनिक समन्वय का मॉडल इस अभियान की प्रमुख विशेषता रहा. सर्वेक्षण में स्थानीय और प्रवासी दोनों प्रकार की प्रजातियां दर्ज की गईं. इनमें 24 ऐसी प्रजातियां शामिल हैं, जो वैश्विक स्तर पर संकटग्रस्त या निकट संकटग्रस्त श्रेणी में हैं. इनमें संकटग्रस्त गिद्ध प्रजातियां और संवेदनशील नदी तटीय पक्षी भी शामिल हैं. इससे प्रदेश की आर्द्रभूमियों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पारिस्थितिक महत्ता रेखांकित होती है.

इंदौर वन मंडल के सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ प्रदीप मिश्रा (आईएफएस) का कहना है कि, यह केवल पक्षियों की गणना नहीं बल्कि आर्द्रभूमियों के स्वास्थ्य का वैज्ञानिक मूल्यांकन है. उनका कहना है कि जहां खुला जलक्षेत्र, स्थानीय वनस्पति और नियंत्रित मानवीय गतिविधियां बनी रहती हैं, वहां पक्षी विविधता बेहतर पाई जाती है. तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच इंदौर जिले में व्यापक सर्वेक्षण किया. कुछ शहरी जलाशयों में प्रजातीय विविधता स्थिर रही, जबकि कुछ स्थानों पर पारिस्थितिक दबाव के संकेत मिले. रिपोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि शहरी विकास और पारिस्थितिक संतुलन के बीच संतुलित नीति की आवश्यकता है.

### नीति निर्माण के लिए मजबूत आधार

राज्यभर में 350 से अधिक वॉलंटियर, पक्षी विशेषज्ञों और वनकर्मियों ने अभियान में भाग लिया. प्रशिक्षण के जरिए प्रजाति पहचान, गणना पद्धति और डिजिटल रिपोर्टिंग में एकरूपता सुनिश्चित की गई. प्रशासनिक दृष्टि से यह सर्वेक्षण एक मजबूत आधार रेखा तैयार करता है. वर्ष-दर-वर्ष आंकड़ों की तुलना से प्रजातीय विविधता, प्रवासन पैटर्न और आवासीय गुणवत्ता में हो रहे बदलावों का वैज्ञानिक विश्लेषण संभव होगा. प्रदिप मिश्रा का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और शहरी विस्तार के दौर में आर्द्रभूमियां भूजल पुनर्भरण, जैव विविधता संरक्षण और स्थानीय जलवायु संतुलन के लिए अनिवार्य पारिस्थितिक ढांचा हैं. वैज्ञानिक निगरानी के माध्यम से संरक्षण और पुनर्स्थापन की दिशा तय की जा सकेगी. एडब्ल्यूसी-2026 की रिपोर्ट संकेत देती है कि मध्य प्रदेश अब साक्ष्य-आधारित वेटलैंड प्रबंधन की दिशा में संस्थागत रूप से मजबूत कदम बढ़ा रहा है, और इंदौर इस मॉडल का अग्रणी शहरी उदाहरण बनकर उभरा है.

# सोशल मीडिया पर एसआई की पिस्टल संग युवती ने फोटो डाला, एसआई को नोटिस

परदेशीपुरा थाने की बताई जा रही पिस्टल, युवती ने पोस्ट हटाई, विभागीय जांच शुरू

इंदौर. एक युवती द्वारा सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट किए जाने का मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. जांच में सामने आया कि वायरल तस्वीर में दिखाई दे रही पिस्टल परदेशीपुरा थाने में पदस्थ एक सब-इंस्पेक्टर की बताई जा रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित एसआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.



जानकारी के अनुसार, शिविका नामक युवती ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पिस्टल के साथ फोटो साझा की थी. तस्वीरें वायरल होने के बाद जब पुलिस ने जांच की तो प्रारंभिक पड़ताल में पिस्टल परदेशीपुरा थाने में पदस्थ एक एसआई की होना सामने आया. मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचते ही युवती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से संबंधित फोटो हटा दिए. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर हथियारों का इस तरह प्रदर्शन करना गंभीर विषय है. हथियारों के उपयोग और प्रदर्शन को लेकर कानून में स्पष्ट प्रावधान हैं तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जा सकती है. वहीं डीसीपी कुमार प्रतीक के निर्देश पर संबंधित एसआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया कर दिया है. नोटिस का जवाब आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौके पर ही मौत

इंदौर. किशनगंज थाना क्षेत्र में तेज और लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए चालक ने एक वृद्ध को टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया. पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, ग्राम सोनवाय स्थित ब्रेड कंपनी के पास मोटरसाइकिल नम्बर एमपी-12 एमक्यू-3491 के चालक ने वाहन तेज गति और असावधानी से चलाते हुए पीछे से 55 वर्षीय बाबूलाल को टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल बाबूलाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. मामले में प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है.

## एक नजर में

### निकली फाग यात्रा, लोगों ने खेली जमकर होली



महू. शहर में मंगलवार को धुलेंडी का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. इस खास मौके पर गोपाल मंदिर चौराहे से फाग यात्रा निकाली गई, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. पूरे नगर में रंग और गुलाल की बौछार के बीच लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया. इस यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण मशहूर भजन गायक निलेश कौशल की भजन प्रस्तुतियां रहीं, जिन्होंने अपनी आवाज से समां बांध दिया. इसके साथ ही, आदिवासी नृत्य मंडली के प्रदर्शन और पारंपरिक %लट्ठ मार होली% की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया. इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव के माहौल को और भी आनंदमयी बना दिया. भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को एक विशेष रथ पर विराजित किया गया था, जिसे फूलों और रंगों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था. यह फाग यात्रा गोपाल मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों जैसे सांघी स्ट्रीट, मेन स्ट्रीट, पारसी गली, माणक चौक और छोटा बाजार से गुजरी. त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर महू पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया. शहर के संवेदनशील चौराहों और मुख्य मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था. वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में पुलिस टीमें लगातार गश्त करती रहीं, ताकि नागरिक बिना किसी बाधा के सुरक्षित तरीके से होली का आनंद ले सकें.

### होली पर भजन संध्या में श्रोता हुए भाव विभौर



महू. आर्य समाज मंदिर में होली के पावन अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया. जिसमें प्रकाश आर्य, अविनाश जवखेड़कर, श्रीधर गोस्वामी, अश्विनी शर्मा, नंदकुमार जवखेड़कर, हरीश शर्मा (इन्दौर), डॉ. उषाकिरण त्रिपाठी, वीणा जवखेड़कर, डॉ. संध्या दवे आदि ने भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुक्त कर दिया. फिल्मी गीतों के स्थान पर शुद्ध ईश्वर भक्ति पर आधारित भजनों में भारतीय संस्कृति एवं जीवन दर्शन की झलक दिखाई दी. तबले पर संगत रूद्र आर्य नेकी. प्रारंभ में कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए आर्य राधेश्याम बियानी ने कहा कि फिल्मी गीतों के स्थान पर भजनों के माध्यम से होली मिलन समारोह का आयोजन कर रहे हैं. संचालन श्रीधर गोस्वामी ने किया. आर्य रामलाल प्रजापति न होलीकोत्सव पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार माना. कार्यक्रम में महू के अलावा इंदौर और राऊ से भी श्रोता एवं भजन गायक पधारे थे. इस प्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन भजन संध्या के रूप में अनूठा रहा. उक्त जानकारी आर्य रामलाल प्रजापति ने दी.

### टीन शेड की आड़ में चल रहा था जुआ

इंदौर. चंदननगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए 5 आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से नकद राशि और ताश के पत्ते जब्त किए हैं. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि गंगा नगर गली नंबर 8 में टीन शेड की आड़ में कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना मिली थी. सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी. कार्रवाई के दौरान संजय, विजय से 1000 रुपये, मोनु से 1400 रुपये, राजा से 500 रुपये, राहुल से 250 रुपये तथा देवेन्द्र उर्फ गोलू से 450 रुपये नकद बरामद किए. इसके अलावा जुआ फड़ से 1200 रुपये और 37 ताश पत्ते भी जब्त किए. इस तरह 4800 रुपये नकद और 52 ताश पत्ते पुलिस ने कब्जे में लिए. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# महिला तस्कर गिरफ्तार, 2 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त

**इंदौर. द्वारकापुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है. जब्त गांजे की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है.**



थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि जोन 4 पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में द्वारकापुरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अहीरखेड़ी मल्टी क्षेत्र में घेराबंदी कर महिला को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ. पुलिस की टीम ने मौके पर विधिवत जब्ती पंचनामा तैयार कर मादक पदार्थ को कब्जे में ले लिया है. पूछताछ में आरोपी की पहचान दिग्विजय नगर मल्टी में रहने वाली संगीता सगर के रूप में हुई. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है.

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के झांसे में व्यापारी से 65 .57 लाख ठगे

- फर्जी निवेश ग्रु में एड कर दिया बड़े मुनाफे का लालच

**इंदौर. ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर शहर के एक व्यापारी से 65 लाख 57 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है. सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन के माध्यम से संपर्क कर आरोपियों ने पहले पीड़ित को एक निवेश समूह से जोड़ा, फिर भारी मुनाफे का लालच देकर चरणबद्ध तरीके से बड़ी रकम स्थानांतरित करवा ली. एरोड्रम पुलिस ने चार मोबाइल नंबरों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि महेश एवेन्यू, छोटा बांगड़दा रोड निवासी दीपक चांदोरे ने शिकायत में बताया कि दिसंबर 2025 में सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर वीडियो देखते समय उसे ट्रेडिंग से जुड़ा एक विज्ञापन दिखाई दिया. लिंक पर क्लिक करते ही वह 'ए69 एबीसीएल वेल्थ नेविगेटर क्लब' नामक समूह से जुड़ गया. समूह में प्रतिदिन कथित मुनाफे के स्क्रीनशॉट, संदेश और निवेश संबंधी लघु वीडियो साझा किए जाते थे. ऑनलाइन व्याख्यान के माध्यम से सदस्यों को अधिक लाभ का भरोसा दिलाया जाता था. करीब एक माह तक गतिविधियां देखने के बाद पीड़ित को मंच पर विश्वास हो गया. समूह में निवेश संबंधी संदेश भेजने पर एक व्हाट्सऐप नंबर से दीया मेहरा नामक युवती ने संपर्क किया. उसने खाता खोलने की प्रक्रिया बताते हुए एक लिंक भेजी, जिस पर आदित्य बिड़ला कैपिटल का नाम अंकित था. पीडि़त से उसी नाम से ऑनलाइन प्रपत्र भरवाया गया तथा मोबाइल अनुप्रयोग डाउनलोड कराया. बताया गया कि खाते से संबंधित समस्त लेनदेन इसी माध्यम से संचालित होगा. प्रारंभ में पांच हजार रुपये जमा कराए गए और उस पर लाभ दिखाकर भरोसा और मजबूत किया.

### चार करोड़ का लाभ दिखाकर फंसाया...

29 जनवरी 2026 से पीड़ित ने लगातार अलग-अलग किश्तों में राशि जमा कराई. व्हाट्सऐप पर परामर्श के नाम पर विभिन्न मंचों पर निवेश की सलाह दी जाती रही. 20 फरवरी 2026 तक मोबाइल अनुप्रयोग में निवेश पर लगभग चार करोड़ रुपये का लाभ प्रदर्शित किया. जब पीड़ित ने राशि अपने बैंक खाते में वापस लेने का प्रयास किया तो तकनीकी कारणों का हवाला देकर प्रक्रिया टाल दी गई. बाद में नए प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम में निवेश का दबाव बनाया. संदेह होने पर पीड़ित ने साइबर प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई. जांच में सामने आया कि उससे 65 लाख 57 हजार रुपये की ठगी की जा चुकी थी. मामले में एरोड्रम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की पड़ताल शुरू कर दी है. साइबर टीम लेनदेन के डिजिटल साक्ष्य खंगाल रही है.



# केमिकलयुक्त रंग बेचने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई

- कालानी नगर चौराहे से प्रतिबंधित रंग जब्त

**इंदौर. होली पर्व को देखते हुए हानिकारक रासायनिक रंगों की बिक्री पर चल रही विशेष निगरानी के दौरान एरोड्रम पुलिस ने कालानी नगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. मौके से संदिग्ध रंगों के पैकेट जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि कालानी नगर चौराहे स्थित 'सुखश्री पूजन सामग्री' नामक दुकान पर जांच की गई. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकानदार अमन जैन (26) निवासी स्मृति नगर, छोटा बागड़दा, होली के लिए रासायनिक तत्वों से बने रंगों के पैकेट कम दामों पर बेच रहा था. पुलिस टीम ने रंगों की गुणवत्ता और उनके स्रोत को लेकर संदेह होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सामग्री जब्त कर ली. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूछताछ प्रारंभ कर दी गई है.

# मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर और नकदी किए चोरी

इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाश ने लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर चोर की तलाश में जुट गई है.

थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि 172 अंबेडकर नगर स्थित मकान का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपी अंदर घुसा. मकान मालिक घनश्याम यादव की शिकायत पर दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि बदमाश सूटकेस में रखे सोने का हार, मंगलसूत्र, चांदी का करधोना, बिछिया, एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन तथा 10 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने आसपास का मुआयना किया. क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है. पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है.

# सूने घर से लॉकर तोड़कर सोने के जेवर किए पार

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश ने गोदरेज लाकर से सोने के जेवर चोरी कर लिए. पुलिस को की गई शिकायत में सुशील पटेल ने बताया कि न्यू गौरी नगर, सब्जी मंडी क्षेत्र रहने वाली वर्षा राय ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर में घूस कर गोदरेज लाकर में रखे सोने के पुराने उपयोग किए गए जेवरात चोरी कर लिए. चोरी गए सामान में कान के दो जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी झुमकी और एक मंगलसूत्र शामिल हैं. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और अज्ञात आरोपी के प्रकरण दर्ज कर पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है. क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं.

एक नजर | नाले की सफाई में निकाली गई गाद और गंदगी कई दिनों से सड़क किनारे फैल रही

# नगर निगम के सफाई के दावों की पोल खोल रही लापरवाही



**इंदौर. देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा पाने वाले इंदौर में भी लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं. शहर के कई क्षेत्रों में गंदगी फैली दिखाई देती है जिसके कारण क्षेत्रवासियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. नगर निगम की इस लापरवाही ने सफाई के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

वार्ड क्रमांक 48 बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र के विनोबा नगर में नाले की सफाई के बाद निकाली गई गाद और गंदगी कई दिनों से सड़क किनारे फैली हुई है. बस्ती में करीब 95 प्रतिशत मजदूर एवं निम्न वर्ग के परिवार निवास करते हैं. जो इस समस्या से खासे परेशान हैं. चिंताजनक पहलू यह है कि जहां कचरा डाला गया है, वहीं से नर्मदा जल की पाइप लाइन गुजर रही है. इसी लाइन से क्षेत्रवासी पेयजल भरते हैं. गंदगी के बीच से पानी की आपूर्ति होने से संक्रमण और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. क्षेत्र में मच्छर और मक्खियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है, जिससे डायरिया, मलेरिया जैसी बीमारियों की आशंका बनी हुई है. बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग ने अब तक कचरा नहीं उठाया है. स्वच्छता के दावों के बीच यह लापरवाही प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है.

### यह बोले रहवासी...



पिछले 7 दिनों से यहां कचरा सडक पर फैला हुआ है. इससे सभी को परेशानी हो रही है. सफाई कर्मियों को बोलने पर वह गाड़ी लाने का कहकर गए, लेकिन अब तक नहीं आए.
- मुन्नी बाई



जहां नर्मदा की पाइप लाइन और नल है, वहीं नाले की गाद और गंदगी फेंक दी. अब ऐसे में वहीं से लोगों को पानी भरना पड़ रहा है, जिसके चलते लोगों के गंभीर बीमारी की चपेट में आने की आशंका है.
- राधा बोरासी



इतने दिनों से कचरा पटक रखा है, उठा नहीं रहे. जिम्मेदारों को जरा भी शर्म नहीं आ रही. इससे अच्छा तो नाले में ही पड़े रहने देना था. छोटे-छोटे बच्चे हैं, जो बीमार हो रहे हैं.
- पारो बोरासी